नव भारत
राष्ट्रीयता का प्रहरी 1934 से

# 55 करोड़ का कला संकुल सफेद हाथी

## निर्माण पूरा होने से पहले ही जर्जर होने लगी इमारत

शैलेन्द्र कश्यप

**इंदौर, 23 अगस्त. शहर में कला और संस्कृति को नया मंच देने के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी के तहत 55 करोड़ रुपये की लागत से महात्मा गांधी मार्ग पर तैयार किया जा रहा कला संकुल 2025 में तैयार होना था लेकिन अब अपने निर्माण से ज्यादा अपनी बदहाली को लेकर चर्चा में है. स्मार्ट सिटी सिटी के तहत बनने वाला यह प्रोजेक्ट बड़े जोर शोर से शुरू किया गया था लेकिन फंड के अभाव में अब तक अधूरा है.**





### करोड़ों की लागत, लेकिन जिम्मेदारी का इंतजार

कला संकुल के निर्माण और शेष कार्य को लेकर विभागों के बीच समन्वय की स्थिति भी सवालों के घेरे में है. स्मार्ट सिटी में फंड की उपलब्धता नहीं होने से काम प्रभावित हुआ है. वहीं, परिसर की सुरक्षा और रखरखाव की जिम्मेदारी को लेकर भी स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं दिखाई देती. नतीजा यह है कि करोड़ों रुपये की लागत से तैयार की जा रही संपत्ति धीरे-धीरे खराब होती जा रही है.

जिस परिसर में कलाकारों की प्रस्तुतियां, सांस्कृतिक आयोजन और शहर की रचनात्मक गतिविधियां नजर आनी थीं, वहां इन दिनों शराब खोरी ,खाली बोतल और गंदगी ने पैर पसार रखे हैं. हालात ऐसे हैं कि निर्माण पूरा होने से पहले ही भवन और परिसर के कई हिस्से खराब होने लगे हैं.

परिसर में प्रवेश करते ही जगह-जगह बिखरी शराब की खाली बोतलें, चखने के पाउच और पानी की बोतलें यहां की बदहाल व्यवस्था की कहानी बयां करती हैं. अंदर बने टॉयलेट हों या पीछे का सुनसान खुला हिस्सा, हर जगह गंदगी और अव्यवस्था दिखाई देती है. इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि रात के समय यह परिसर असामाजिक तत्वों के लिए महफूज ठिकाना बन रहा है.


**क्या थी योजना:** इसे इंदौर के प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना थी. ऑडिटोरियम, एम्फीथिएटर, मल्टीपरपज हॉल, डांस-ड्रामा हॉल, आर्ट गैलरी, लाइब्रेरी समेत कलाकारों व दर्शकों के लिए विभिन्न सुविधाएं प्रस्तावित थीं. फिलहाल, यह परियोजना अधूरे निर्माण और कागजी योजनाओं तक ही सीमित है.

**20 करोड़ के कार्य अधूरे:** वर्तमान प्रोजेक्ट का शेष चरण लगभग ?20 करोड़ की अनुमानित लागत का है. इस चरण में इंटीरियर डिजाइनिंग एवं इंटीरियर वर्क, हॉल फायर-फाइटिंग, इलेक्ट्रिकल तथा फायर इलेक्ट्रिकल कार्य शामिल हैं. ये कार्य मुख्यतः ऑडिटोरियम हॉल, प्रैक्टिसिंग हॉल, आर्ट गैलरी एवं एम्फीथिएटर में किए जाने हैं.

### नए सामान रखे हैं, कई गायब होने की आशंका....

सबसे चिंता की बात यह है कि परिसर में लगाए जाने वाले कई सामान अब भी नए के नए पड़े हैं. कुछ सामग्री उपयोग में आने से पहले ही धूल खा रही है, जबकि कई सामान चोरी होने की बात भी सामने आ रही है. निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली सीमेंट की बोरियां भी लंबे समय से पड़ी-पड़ी खराब हो चुकी हैं. लाइट और अन्य उपकरणों की हालत भी रखरखाव के अभाव में बिगड़ती जा रही है.

### सांस्कृतिक विकास का दावा खोखला



राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) के विनीत तिवारी ने कहा कि इंदौर को सुसंस्कृत और संवेदनशील शहर बनाने के लिए संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है. अधूरा कला संकुल अव्यवस्थाओं का शिकार है. राशि और जिम्मेदारी के फेर में अटकी परियोजना को प्रशासन तत्काल पूरा कराए, अन्यथा करोड़ों की संपत्ति बर्बाद होगी और सांस्कृतिक विकास का दावा खोखला साबित होगा.

### सीईओ बोले-शासन को भेजा है प्रस्ताव.....



स्मार्ट सिटी सीईओ अर्थ जैन ने बताया कि संबंधित कार्य अभी पूरी तरह पूर्ण नहीं हुआ है. मौके पर कुछ अव्यवस्थाएं, गंदगी और आपत्तिजनक सामग्री मिली है. अवैध गतिविधियों की आशंका को देखते हुए सक्षम अधिकारी से चर्चा की जाएगी और जरूरत पड़ने पर पुलिस में शिकायत की जाएगी. शेष कार्य के लिए अतिरिक्त फंड का प्रस्ताव आईडीए के माध्यम से शासन को भेजा जा चुका है और शासन स्तर पर कार्रवाई प्रचलन में है. फंड मिलते ही कार्य पूरा कराया जाएगा.

**प्रशासन को पत्र भेजा:** आईडीए के सीईओ परीक्षित झाड़े ने बताया कि इस मामले में प्रशासन को अवगत कराने के लिए लेटर भेजा गया है .



# वर्दी वाले आरोपी... एफआईआर होने तक हाजिर, बाद में फरार

- कई मामलों में गिरफ्तारी महीनों-वर्षों बाद
- कुछ ने नौकरी और रिटायरमेंट तक पूरा किया

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 23 अगस्त. गंभीर अपराध में आरोपी बनने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एफआईआर दर्ज होने तक ड्यूटी करते रहते हैं. एफआईआर दर्ज होते ही उन्हें फरार बता दिया जाता है. इसके बाद उनकी तलाश के दावों का दौर शुरू हो जाता है.**

जबकि पुलिस के पास इन अधिकारियों-कर्मचारियों का पूरा सर्विस रिकॉर्ड, स्थायी पता, मोबाइल नंबर, तैनाती की जानकारी और विभागीय संपर्क पहले से मौजूद होते हैं. इसकी ताजा बानगी कटनी की निलंबित सीएसपी नेहा पच्चीसिया और रेप के आरोपी एसटीएफ इंस्पेक्टर आनंद कुमार के मामलों में देखने को मिल रही है. दोनों ड्यूटी के दौरान गायब हो गए. पुलिस महकमे में गंभीर अपराधों के आरोपी अधिकारी-कर्मचारियों के ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं. अधिकतर मामलों में एफआईआर के बाद आरोपी लंबे समय तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर रहे हैं.

सबसे गंभीर स्थिति उन मामलों में रही, जहां आरोपी पुलिसकर्मी गिरफ्तारी से बचते हुए वर्षों तक बाहर रहे. कुछ आरोपियों ने इसी दौरान नौकरी का बड़ा हिस्सा पूरा किया तो कुछ रिटायरमेंट की उम्र तक पहुंच गए और उनकी गिरफ्तारी उसके बाद हुई. ऐसे मामलों में सवाल सिर्फ आरोपी की फरारी तक नहीं है, बल्कि पूरे सिस्टम की कार्यप्रणाली और पुलिस की जवाबदेही पर भी है.

### एफआईआर के बाद गायब हो गए यह पुलिस अफसर

1. **नेहा पच्चीसिया, निलंबित सीएसपी, कटनी:** 19 अगस्त 2026 को गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई. एफआईआर से पहले वह पीटीएस भोपाल में थीं. एफआईआर दर्ज होते ही रहस्यमय तरीके से गायब. पुलिस फरार बता रही.
2. **आनंद कुमार, इंस्पेक्टर, एसटीएफ, भोपाल:** 19 अगस्त को ग्वालियर में उनके खिलाफ महिला ने रेप का केस दर्ज कराया. रेप का केस दर्ज होने के बाद वह विभाग से छुट्टी लेकर गायब हो गया. पुलिस की 12 टीमें अब ढूढ़ रही हैं.
3. **केके वर्मा, पूर्व एसडीओपी, सौंसर** : 20 अगस्त को रेप का मामला दर्ज हुआ. 2023 में शिकायत हुई थी. भोपाल से केके वर्मा को सौंसर पुलिस गिरफ्तार कर ले गई. तीन साल तक जांच चलती रही.
4. **अनिल मिश्रा, पूर्व एआईजी, सीआईडी** : 11 जुलाई, 2014 को जयपुर में महिला ने रेप की एफआईआर दर्ज कराई. 13 दिन तक जयपुर पुलिस उन्हें भोपाल में तलाशती रही. 24 जुलाई को पकड़ में आए. उम्रकैद हुई.
5. **जितेन्द्र गढ़वाल, टीआई, भोपाल:** 5 मार्च 2025 को उनके खिलाफ रिश्वत लेने के आरोप में एफआईआर हुई. 6 माह तक वह पुलिस को नहीं मिले. हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत के बाद पेश हुए. अभी पुलिस लाइन में हैं.

### एक्सपर्ट व्यू

असली सवाल गिरफ्तारी में देरी से ज्यादा यह है कि पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए कितनी गंभीर और पारदर्शी कार्रवाई की. आम आरोपी के लिए इस्तेमाल होने वाले जांच के मानक यदि पुलिसकर्मी पर लागू नहीं होते तो इससे पुलिस की निष्पक्षता और जवाबदेही पर सवाल उठना स्वाभाविक है.

**धर्मेन्द्र चौधरी,** पूर्व डीआईजी

### एक नजर में

#### दो शिक्षकों और छात्र की डूबने से मौत

**रतलाम.** शहर से करीब 11 किलोमीटर दूर पैराडाइज वैली पिकनिक स्पॉट पर रविवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया. पिकनिक पर आए चार बच्चे खेलते समय पानी में गिर गए. उन्हें बचाने के प्रयास में दो शिक्षक भी गहरे पानी में चले गए. हादसे में दो शिक्षकों और एक छात्र की मौत हो गई, जबकि तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया.

#### 55 लाख की शराब तस्करी में दो और गिरफ्तार

**इंदौर.** कनाड़िया क्षेत्र में पकड़ी गई करीब 55 लाख रुपए की अवैध शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी कमीशन लेकर ग्वालियर और चंबल क्षेत्र से शराब अलीराजपुर तक पहुंचाने का काम करते थे. गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है.

#### बोलेरो ने बाइक सवार सहित परिवार को रौंदा

**धार.** बहन के घर त्योहार का सामान देकर लौट रहे परिवार की खुशियां रास्ते में हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद मातम में बदल गईं. मागोद-अमझेरा-मनावर हाईवे पर रविवार दोपहर तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में बाइक सवार 32 वर्षीय अंतर सिंह, उनके 4 वर्षीय बेटे अशोक और काका ससुर भूरा सिंह की मौके पर ही मौत हो गई.

# बारिश से भोपाल-रायपुर उड़ान रद्द

- रीवा में अतिवृष्टि ने विमान सेवाओं को किया प्रभावित
- एटीआर 72 वापस हो गया कोलकाता



**रीवा, 23 अगस्त.** अतिवृष्टि का असर रीवा एयरपोर्ट से संचालित होने वाली हवाई सेवाओं पर भी पड़ा. रनवे पर पानी भर जाने के कारण रीवा से भोपाल और रायपुर जाने वाली उड़ानें रद्द करनी पड़ीं. वहीं कोलकाता-रीवा-भोपाल के बीच संचालित एटीआर-72 विमान भी रीवा से यात्रियों को लेकर कोलकाता वापस लौट गया. रीवा एयरपोर्ट स्टेशन प्रबंधक राजकुमार पटेल के अनुसार, रनवे पर पानी भरने के कारण दोपहर 12.40 बजे रायपुर के लिए निर्धारित उड़ान रद्द की गई.

इस उड़ान से रायपुर जाने वाले 24 यात्रियों के टिकट रद्द किए गए. इसी तरह शाम को भोपाल जाने वाले 30 यात्रियों की उड़ान भी निरस्त करनी पड़ी. उन्होंने बताया कि कोलकाता-रीवा-भोपाल के बीच संचालित उड़ान का रीवा पहुंचने का निर्धारित समय दोपहर 3.15 बजे था, लेकिन खराब मौसम के कारण विमान करीब 8.30 बजे रीवा पहुंचा. विमान से करीब 40 यात्री कोलकाता से रीवा पहुंचे.

### धुंध ने इंदौर फ्लाइट को भोपाल किया डायवर्ट

**इंदौर.** रविवार सुबह घनी धुंध के कारण हवाई यातायात प्रभावित रहा. कम दृश्यता के चलते पुणे से इंदौर आ रही इंडिगो की उड़ान को लैंडिंग की अनुमति नहीं मिल सकी और विमान को भोपाल डायवर्ट करना पड़ा. मौसम में सुधार के बाद करीब दो घंटे की देरी से विमान वापस इंदौर पहुंचा. इस दौरान विमान में सवार 173 यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा. इंडिगो की पुणे-इंदौर उड़ान संख्या 6ई 284 को सुबह 6.40 बजे इंदौर एयरपोर्ट पर उतरना था. लेकिन उस समय एयरपोर्ट क्षेत्र में घनी धुंध छाई हुई थी और रनवे पर दृश्यता काफी कम थी. ऐसी स्थिति में पायलट ने विमान को एटीसी की परमिशन के बाद भोपाल डायवर्ट किया.

# बाढ़ पीड़ितों के हाल जानने रीवा पहुंचे सीएम यादव

## प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविर और विशेष चिकित्सा शिविर लगाने के दिए निर्देश

**रीवा/भोपाल, 23 अगस्त. अतिवृष्टि से विंध्य अंचल के प्रभावित होने के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार की शाम दिल्ली से सीधे रीवा पहुंचकर रीवा-शहडोल संभाग में अतिवृष्टि और राहत कार्यों की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की. डॉ यादव ने बैठक में निर्देश दिये कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविर अच्छी तरह से संचालित किये जायें.**



बाढ़ से प्रभावित सभी गाँव और नगरीय क्षेत्रों के वार्डों में विशेष चिकित्सा शिविर लगाये जाये. यदि लोगों का खाने पीने का सामान, घर इत्यादि नष्ट हो गए हों उन्हें तत्काल आरबीसी 64 के तहत सहायता उपलब्ध कराएं. बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल और मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल भी उपस्थित थे. मुख्यमंत्री डा. यादव ने कहा कि सरकार सभी बाढ़ प्रभावितों के साथ खड़ी है. हम जान-माल-मवेशी सबकी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे. बाढ़ से प्रभावित किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं आने दी जायेगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जहां अभी भी बाढ़ का पानी है, वहां राहत कैंप अच्छी तरह से संचालित किए जाएं. राहत कैंपों में समुचित मात्रा में खाद्य सामग्री, पीने के पानी एवं चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करें.

### जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा में गुलाब नगर क्षेत्र में जल भराव का निरीक्षण किया. उन्होंने निर्देश दिये कि पूरी संवेदना के साथ जिन प्रभावितों का नुकसान हुआ है, उन्हें मुआवजा उपलब्ध करायें. प्रशासन ने प्राकृतिक चुनौती का तत्परता से सामना किया. आगामी 24 से 27 अगस्त 2026 के बीच जिन जिलों में वर्षा चक्र सक्रिय होने की संभावना है, वहां सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. संभावित प्रभावित क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने तथा आवश्यकता के अनुरूप राहत एवं बचाव की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

# थाने से भागा वाहन चोरी का आरोपी

## सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पांच घंटे में पकड़ाया

**भोपाल, 23 अगस्त. कमला नगर थाने से वाहन चोरी का आरोपी अभय राजपूत पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया. थाने से निकलकर वह घर पहुंचा, कपड़े बदले और पहचान छिपाने के लिए हेलमेट पहनकर साइकिल से पुराने शहर की ओर निकल गया. पुलिस ने अपराध शाखा की मदद से सीसीटीवी कैमरों की कड़ियां जोड़ीं और करीब पांच घंटे बाद उसे पकड़ लिया.**

अभय को दो वाहन चोरी के मामलों में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पूछताछ के लिए थाने लाया गया था. रात में हंगामा करने पर पुलिसकर्मी उसे हवालात से निकालकर मुंशी कक्ष में बैठा रहे थे. इसी दौरान वह फरार हो गया. पुलिस को जानकारी थी कि वह अक्सर गांजा खरीदने पुराने शहर जाता है. इसी आधार पर सीसीटीवी फुटेज खंगालकर पुलिस उसके ठिकाने तक पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया.

# राम राजा के दरबार में जुटेगी प्रदेश भाजपा

**ओरछा, 23 अगस्त. मध्यप्रदेश भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक अब 30 और 31 अगस्त को ऐतिहासिक नगरी ओरछा में होगी. बैठक का आयोजन राजमहल पैलेस होटल और राजविलास होटल में किया जाएगा. इसमें प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक और राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल होंगे.**


बैठक में शामिल होने वाले नेताओं के ओरछा पहुंचने का सिलसिला 29 अगस्त से शुरू होगा. मुख्य बैठक से पहले 25 अगस्त को पार्टी की अहम टोली बैठक आयोजित की जाएगी. शनिवार को ओरछा में संगठन के पदाधिकारियों ने तैयारियों की समीक्षा की. बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, प्रदेश मंत्री अर्चना सिंह और उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा मौजूद रहे.



बैठक के लिए ओरछा क्लब एंड रिजॉर्ट, ओरछा पैलेस सहित शहर के विभिन्न होटलों में करीब 400 कमरे बुक किए गए हैं. रेलवे स्टेशन से होटल तक नेताओं के आवागमन के लिए विशेष परिवहन व्यवस्था रहेगी. कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से होगी. इसके बाद नेता प्रदर्शनी का अवलोकन कर पंजीकरण के बाद मुख्य सभागार में पहुंचेंगे.

### सरकार के कामों पर लगेगी प्रदर्शनी

कार्यसमिति बैठक के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी. इसकी जिम्मेदारी वरिष्ठ नेता लोकेन्द्र पाराशर को सौंपी गई है. दो दिवसीय बैठक के दौरान रात में अतिथियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे. प्रदेश कार्यसमिति में 106 नियमित सदस्य और 41 विशेष आमंत्रित सदस्य हैं. पदेन सदस्यों को मिलाकर बैठक में करीब 350 से 400 नेताओं के शामिल होने की संभावना है.



# पूर्वी मप्र में बरसे बादल, 12 जिलों में बारिश का अलर्ट

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 23 अगस्त. मध्यप्रदेश में मानसून सक्रिय होने से पूर्वी, दक्षिण-पूर्वी और कुछ मध्य इलाकों में तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है. बीते 24 घंटे में शहडोल, अनूपपुर, बालाघाट, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, टीकमगढ़ और सतना में कहीं-कहीं भारी बारिश हुई.**

मौसम विभाग ने सोमवार सुबह तक डिंडौरी, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ और पांढुर्णा में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. इन जिलों में गरज-चमक और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है. बीते 24 घंटों में गोहपारू में 98 मिमी बारिश दर्ज हुई. जैतहरी में 85.6 मिमी, बुढ़ार में 85 मिमी, बैहर में 82 मिमी, गोटेगांव में 75 मिमी, हर्राई में 74.2 मिमी, मेहगांव में 70 मिमी और मझगांव में 68 मिमी पानी गिरा. वेंकटनगर में 62.5 मिमी, करंजिया में 62.2 मिमी, लांजी में 60.1 मिमी और चन्नौड़ी में 58 मिमी बारिश हुई. प्रदेश के कई दूसरे हिस्सों में भी हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई. आधे से ज्यादा मानसून बीत चुका है, लेकिन मध्य प्रदेश में कोटे की 65 प्रतिशत ही बारिश रिकॉर्ड हुई है. एमपी के डैम औसत 84% तक भरे, जल भराव की स्थिति 64 प्रतिशत से ज्यादा है. इनमें इंदिरा सागर 54%, गांधी सागर 67%, बाण सागर 65%, बारना 76%, कोलार 82%, महान 77%, राजघाट 86%, बरगी 86%, ओंकारेश्वर 30% और तवा 46% तक भर चुका है. बरगी, जौहिला समेत कई डैमों के गेट भी खुल चुके हैं.

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और आसपास कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है. इससे जुड़ा हवा का चक्रवात ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है. इस सिस्टम से बनी द्रोणिका उत्तर छत्तीसगढ़ तक पहुंच रही है. मानसून ट्रफ भी सक्रिय है. इन सिस्टमों के असर से पहले पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी मप्र में तेज बारिश हो रही है. अगले एक-दो दिन में इसका असर मध्य और पश्चिमी जिलों तक भी बढ़ सकता है.

विश्वास | भारतीय संस्कृति से अभिभूत तीन जोड़ों ने लिए उज्जैन में सात फेरे

# विदेशी साधकों ने वैदिक परंपरा से किया विवाह

**उज्जैन, 23 अगस्त . योग, ध्यान और भारतीय अध्यात्म से प्रभावित इटली, स्पेन और इंग्लैंड के तीन विदेशी जोड़ों ने उज्जैन के निनोरा में हिंदू वैदिक परंपरा के अनुसार विवाह किया. आनंदमय वेलनेस रिट्रीट में आयोजित समारोह में डॉ. ओमानंद गुरुजी के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि को साक्षी मानकर तीनों जोड़ों ने सात फेरे लिए और जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया.**



तीनों जोड़े डॉ. ओमानंद गुरुजी के शिष्य बताए गए हैं. योग और ध्यान के साथ वे भारतीय आध्यात्मिक जीवनशैली से भी जुड़े हैं और उन्होंने भारतीय आध्यात्मिक नाम भी अपनाए हैं. इटली की ईवा ने मां दर्पण आनंद और उनके साथी मास्सिमिलियानो ने बलराम आनंद नाम से विवाह संस्कार किया. दूसरे इतालवी जोड़े जेसिका और लुका ने मां सीता आनंद और राम आनंद नाम से वैदिक विवाह किया. स्पेन की इन्मा ने मां शांति आनंद और इंग्लैंड के मार्क ने प्रकाशानंद नाम से विवाह की रस्में पूरी कीं.

डॉ. ओमानंद गुरुजी के अनुसार, भारतीय परंपरा में विवाह केवल सामाजिक या कानूनी समझौता नहीं, बल्कि जीवनभर निभाया जाने वाला संस्कार है. सात फेरों के संकल्प, परिवार को महत्व देने और रिश्तों को स्थायी रूप से निभाने की भारतीय सोच विदेशी साधकों को प्रभावित कर रही है. इन जोड़ों ने अपने देशों के बजाय उज्जैन में वैदिक विवाह करने का निर्णय लिया. इससे पहले इटली, अमेरिका और पेरू से आए तीन विदेशी जोड़ों ने भी विवाह किया था.

# हाउसिंग बोर्ड हेड क्लर्क को ठग ने डराकर लगाई 4 लाख की चपत

**जबलपुर, 23 अगस्त. गोरखपुर थाना अंतर्गत हाथीताल निवासी हाउसिंग बोर्ड के हेड क्लर्क को साइबर ठग ने फोन करते हुए डराया कि आपने जो ऑर्डर मंगवाया है उसमें अवैध सामान पकड़ा गया है, कानूनी कार्यवाही होगी। डरा धमकाकर जालसाज ने उसे 3 लाख 97 हजार रूपए की चपत लगा दी. पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है.**

पुलिस के मुताबिक मिथलेश पटेल 64 वर्ष निवासी सर्वेन्ट क्वाटर नम्बर 3 हाथीताल गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका बैंक अकाउण्ट इंडियन बैंक शाखा कटंगा में है वह हाउसिंग बोर्ड जबलपुर में जबलपुर से हेड क्लर्क से सेवानिवृत्त है। उसने मीसो कम्पनी से वेनटेक्स का हार 164 रूपये का मंगाया था। इसके बाद उसके पास कॉल आया कि आपने जो आर्डर किया था जिसमें अवैध सामान था जो पकड़ा गया है आपके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी उसने कहा कि अब क्या करना चाहिये, कॉल करने वाले ने कहा कि आपको पैसे भेजने पड़ेगें, इसके बाद उसे फोन पे पर 1 रूपये भेजा जिसके बाद उनका वीडियो कॉल आता था। उसने बिजली बिल जमा करने के लिये खाता चैक किया खाते में 300 रूपये बचे थे.